भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 939

सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

वन क्षेत्र में पर्यटन स्थलों का विकास

939. श्री रुद्र नारायण पाणी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को ओडिशा के धेन्कानल जिले के वन क्षेत्र सर्किल में दो पर्यटन स्थलों नामतः गणेश खोल और नंदिनिया की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार का विचार राज्य सरकार के साथ मिलकर उक्त दोनों पर्यटन स्थलों का समुचित विकास करने का है; और

(घ) क्या परिस्थितियों के कारण सरकार द्वारा वन कानूनों के कतिपय मानकों को सरल और शिथिल किए जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन का संवर्धन और विकास मुख्यत संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। ओडिशा सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, गणेश खोल और नंदिनिया चिह्नित किए गए पर्यटन स्थल नहीं हैं।

पर्यटन मंत्रालय, 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' नामक योजनाओं के अंतर्गत ओडिशा सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

'पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास योजना' के अंतर्गत भारत सरकार ने हाल ही में देश में 3295.76 करोड़ रु. की लागत वाली 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

ओडिशा राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता की मांग के लिए समय-समय पर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों को निर्धारित प्रावधानों के अनुपालन और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन परियोजनाओं का रूप दिया जाता है।

(घ): पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, मंत्रालय ने वर्ष 2021 में वन और वन्यजीव क्षेत्रों में सतत इको-पर्यटन के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

*****

अनुबंध

श्री रुद्र नारायण पाणी द्वारा वन क्षेत्र में पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 939 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

ओडिशा राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

क्र. सं.	परिपथ	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु.)
1	तटीय परिपथ	2016-17	गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और ताम्पारा का विकास	70.82

ओडिशा राज्य के लिए प्रशाद के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)
1	पुरी में अवसंरचना विकास	2014-15	50.00

ओडिशा राज्य के लिए पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना)- वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु.)	स्वीकृति की तिथि
1	हीराकुंड का विकास	99.90	26-11-2024
2	सतकोसिया का विकास	99.99	26-11-2024

*****